आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 16 लखनऊ, बुद्धवार 28 जुलाई से 06 अगस्त, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## सरकार और नागरिकों के बीच संवाद स्थापित करना होगा आसान


लखनऊ। भारत सरकार के **myGov-in** पोर्टल के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नच.उलहवअ.पद पोर्टल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उलळवअ.पद पोर्टल के सात वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इससे सरकार और नागरिकों के बीच संवाद आसान होगा और सुझाव भी दे सकेंगे। कार्यक्रम को वर्चुअल माध यम से केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव संबोधित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से प्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। यह पोर्टल पं. दीन दयाल उपाध्याय की अंत्योदय की भावना के अनुसार अंतिम पायदान के व्यक्ति तक शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक होगा। साथ ही, इससे राज्य सरकार को जनता के सुझावों को जानने, विभिन्न मामलों में सहयोग प्राप्त करने और इनोवेशन को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने शासन की योजनाओं से जनता को जोड़ने में पोर्टल का बेहतरीन उपयोग करने के लिए **myGov-in**



पोर्टल की टीम को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक न केवल आमजन के जीवन में व्यापक सुधार का माध्यम बन सकती है, बल्कि लोकतंत्र की भावना को भी चरितार्थ कर सकती है। भ्रष्टाचार को समाप्त करने में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को **up-mygov-in** पोर्टल बनाने व लांच करने के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पोर्टल निरंतर भारत सरकार के मार्गदर्शन में आमजन की भावनाओं के अनुरूप प्रधानमंत्री के मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रतीक बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि **myGov-in** का यूपी चैप्टर भी **myGov-in** की तर्ज पर अपनी बेहतर सेवाओं के लिए जाना जाएगा। कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में **myGov-in** के उत्तर प्रदेश चौप्टर की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की जनता को विभिन्न सरकारी सेवाएं सरलता से उपलब्ध होंगी तथा समाज एवं सरकार के मध्य सामंजस्य बढ़ेगा। साधारण से साधारण व्यक्ति को सरकार से सीधा जुड़ने का अवसर मिलेगा।

## जासूसी मामले में विपक्षी पार्टियों ने संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी

नई दिल्ली। संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे हफ्ते के दूसरे दिन यानी मंगलवार को भी विपक्षी पार्टियों ने संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी। इजराइली सॉफ्टवेयर पेगासस की मदद से विपक्षी नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, पत्रकारों, अधिकारियों, जजों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की जासूसी किए जाने के मसले पर बहस कराने की मांग कर रहे विपक्ष ने मंगलवार को दोनों सदनों में हंगामा किया। कई बार के स्थगन के बाद भी सदन में कामकाज नहीं हो सका और दोपहर के बाद दोनों सदनों को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के सांसदों ने लोकसभा में पश्चिम बंगाल में लोकप्रिय हुआ खेला होबे का नारा लगाया तो राज्यसभा में तमिल भाषा में नारे लगे, जिसमें विपक्षी सांसदों ने बहस की मांग की। राज्यसभा में सुबह ११ बजे कार्यवाही शुरू होते ही हंगामे की वजह से १२ बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। १२ बजे कार्यवाही शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा, जिसकी वजह से पहले दो बजे तक और फिर तीन बजे तक सदन स्थगित करना पड़ा और उसके बाद बुधवार सुबह तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में विपक्ष की नारेबाजी के कारण कार्यवाही पहले ११.४५ बजे और फिर १२ बजे तक स्थगित की गई। इसके



बाद पीठासीन अधिकारियों ने कार्यवाही चलाने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। कई बार के स्थगन के बाद तीन बजे कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच जासूसी मामले में राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि आईटी कानून के मुताबिक निगरानी के लिए इजाजत लेनी पड़ती है। इस सरकार ने पेगासस के जरिए जासूसी की इजाजत दी है। जजों, आर्मी अफसरों, पत्रकारों और विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवाई गई है। दुनिया के किसी लोकतंत्र में ऐसा नहीं होता है।

## ग्रामीणों को पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाने के लिए अब दलालों की आवश्यकता नहीं, पंचायत भवनों में खुले जनसुविधा केंद्र

लखनऊ। पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीण जनसंख्या को किसी दलाल के पास जाना पड़ता है। वैसे तो सरकार ने **RTO** से जुड़ी सुविधा सभी के लिए ऑनलाइन सेवा शुरु कर दी है। खासकर कोरोना काल में। किसी को संक्रमण काल में बाहर ना जाना पड़े। इसलिए सरकार ने सभी सुविधाएं ऑनलाइन कर दी। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने ड्राइविंग लाइसेंस और इससे जुड़ी सभी सेवाओं को तकरीबन ऑनलाइन कर दिया है। इसके बाद भी गांवों में रहने वाले लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड सहित केंद्र सरकार या राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत होती है। इसका सबसे बड़ा कारण गांव की अधिकतर जनसंख्या अनपढ़ है। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। और यहां पर वह दलालों के चक्कर में फंस जाते हैं। जो उनसे मोटी रकम लेकर कई काम भी नहीं करते है। गांव वालों को और अधिक सुविधा देने के लिए अब पंचायत भवनों में ही जनसुविधा केंद्र खोले जा रहे हैं। ( **Making passport aadhar card easy** ) यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में जनसुविधा केंद्र में ही अब ड्राइविंग लाइसेंस, पीएम आवास योजना के लिए आवेदन, पासपोर्ट के लिए आवेदन का काम मामूली फीस के साथ होगा। इस सुविधा के बाद से गांव वालों को भटकना नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही जनसुविधा केंद्रों पर अब आप गाड़ी से संबंधित कोई भी आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। ( **Making passport aadhar card easy** ) अगर आपको ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करना है या स्लॉट बुक




कराना है तो आप जनसुविधा केंद्र में जा कर अनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि देश के हर आरटीओ के कामकाज को तकरीबन अब ऑनलाइन कर दिया गया है। परिवहन विभाग कोशिश कर रहा है कि लाइसेंस रिन्युअल, डुप्लीकेट लाइसेंस, एड्रेस चेंज और आरसी बनवाने के लिए लोगों को अब आना न पड़े। घर बैठे ही लोगों को ये डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने की सुविधा मिले। ऑनलाइन सिस्टम के बाद सिर्फ ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस के लिए ही लोगों को आरटीओ आना होगा। केंद्र सरकार के आदेश के बाद यूपी सहित कई राज्यों में इस पर काम तेज हो गया है। उत्तरप्रदेश के सभी जिलों के ग्राम पंचायत भवनों में जनसुविधा केंद्र खोले जा रहे हैं। शासन की तरफ से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। ( **Making passport aadhar card easy** ) ड्राइविंग लाइसेंस से लेकर पीएम आवास योजना के लिए आवेदन करना हो या किसी अन्य योजनाओं का लाभ के लिए आवेदन करना है। अब इन जनसुविधा केंद्रों में सभी काम हो जाएंगे। इसके लिए सरकार की तरफ से हर काम के लिए फीस निश्चित कर दी गई है। जनसुविधा केंद्र संचालक सरकार के द्वारा तय राशि से ज्यादा नहीं वसूल सकते हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही कई राज्यों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए डॉक्टरों के द्वारा भेजे गए ऑनलाइन मेडिकल प्रमाणपत्र को ही मान्य कर दिया था। ( **Making passport aadhar card easy** ) छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। इस आदेश में ऑफलाइन जमा किए जाने वाले प्रमाणपत्र पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अधिंत डक्टरों द्वारा ऑनलाइन जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के आधार पर ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने कहा गया है।

# सम्पादकीय

## सेमीकंडक्टर की कमी

दुनिया में इस वक्त सबसे ज्यादा जिस चीज की मांग है, वह सेमीकंडक्टर है। इसकी कमी के कारण वैश्विक एक तरह से डगमगाई हुई है। कोरोना महामारी के कारण पहले इसका सप्लाई चेन टूटा। फिर अमेरिका और चीन के बीच बढ़े टकराव ने हालात और बिगाड़ दिए। नतीजा हुआ कि सेमीकंडक्टर की मांग और सप्लाई में बड़ा अंतर आ गया। इसका स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, लैपटॉप और गाड़ियों सभी के उत्पादन पर असर पड़ा है। फिलहाल समस्या दूर होती नजर नहीं आती। आम अनुमान है कि सेमीकंडक्टर की सप्लाई एक से डेढ़ साल बाद ही सामान्य हो सकेगी। यानी कम से कम इस साल तो सेमीकंडक्टर की कमी बनी ही रहेगी। गौरतलब है कि पिछले साल कोरोना महामारी के चलते ऐसे ज्यादातर प्रोडक्ट की बिक्री में जबरदस्त गिरावट आई, जिनमें सेमीकंडक्टर्स का इस्तेमाल होता है। इसे देखते हुए कंपनियों ने उन्हीं प्रोडक्ट के लिए सेमीकंडक्टर के अर्डर दिए, जो कोरोना की पहली लहर के दौरान भी बिक रहे थे। लेकिन पहली लहर के बाद कई दूसरे प्रोडक्ट की मांग अचानक बढ़ी। इस मांग के मुताबिक सेमीकंडक्टर की सप्लाई नहीं हो सकी। फिर जापानी सेमीकंडक्टर कंपनी 'रेनेसा' में लगी आग ने इस कमी को और बढ़ाया। नतीजा है कि इस समय कंप्यूटरों के ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट जैसी मशीनों की भी भारी कमी है। अब तक दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनियां अमेरिका, चीन और ताइवान में हैं। दक्षिण कोरिया भी उसका एक केंद्र है। वैसे चीन में उपयोग ज्यादा है, इसलिए वह कुल मिला कर प्रोसेसर चिप और सेमीकंडक्टर का सबसे बड़ा आयातक भी है। पिछले साल अमेरिका ने हुआवे जैसी कई चीनी कंपनियों के लिए अमेरिकी सेमीकंडक्टर की सप्लाई को रोक दिया था। उसके बाद चीन ने इसके घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने की योजना बनाई। लेकिन योजना के पूरा होने में अभी वक्त लगेगा। सेमीकंडक्टर एक छोटा सा चिप होता है। उसको 'इलेक्ट्रनिक उपकरणों का दिमाग' कहा जाता है। कारों के इंफोटेनमेंट सिस्टम, पावर स्टीयरिंग, सेफ्टी फीचर्स और ब्रेक अपरेटर में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल होता है। भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकें जब सभी के लिए सुलभ होगीं, तो सेमीकंडक्टर्स की मांग कई गुना बढ़ जाएगी। अगर भारत के नीति निर्माताओं का इस तरफ ध्यान होता, तो ये एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें उसे काफी कामयाबी मिल सकती थी। लेकिन ऐसे प्रयास पहले सार्वजनिक क्षेत्र में करने होते हैं, जिसे भारत में ढाहा जा रहा है।

## हैलो मैं सीएम हेल्पलाइन से बोल रहा हूं, आप ठीक हैं कोई समस्या तो नहीं

लखनऊ। हैलो मैं सीएम हेल्पलाइन से बोल रहा हूं, आप ठीक हैं कोई समस्या तो नहीं है। अब कुछ इसी तह्रह से रोजाना १०० बुजुर्गो से प्रदेश सरकार हालचाल लेगी, उनकी समस्याओं के बारे में भी जानेगी, साथ ही उसका समाधान भी किया जायेगा। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन से रोजाना १०० वृद्धजनों का फोन कर हालचाल लिया जाए। उनके स्वास्थ्य और उनकी अन्य जरूरतों के बारे में पूछते हुए उनकी समस्याओं का समाधान कराएं। मुख्यमंत्री योगी टीम–९ के अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नम्बर १४५६७ सेवा को और बेहतर किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कैंसर की समस्या से ग्रस्त अथवा डायलिसिस कराने वाले मरीजों के इलाज में कतई देरी न हो। जइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी जिलों में जाएं। सीएम योगी ने कहा कि जन समस्याओं, शिकायतों,अपेक्षाओं के त्वरित समाधान के लिए तहसील दिवस और थाना दिवस का आयोजन प्रारंभ हो गया है। इसमें प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण



कतई लंबित न रखें। जनता की संतुष्टि ही अधिकारियों की कुशलता का मानक है। लोगों के शिकायती पत्रों पर संवेदनशीलता बरतें। आईजीआरएस के प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी के ११ जिले अब पूरी तरह कोरोना मुक्त हो चुके हैं। अब इनमें एक भी एक्टिव केस नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या ८५७ रह गई है। ऐसी स्थिति कोरोना के शुरुआती दिनों (१८ अप्रैल २०२०) में थी। लेकिन हमें पूरी तरह सतर्क रहना है। अलीगढ़, बदायूं, बस्ती, बहराइच एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महोबा और श्रावस्ती में अब कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। ५३ जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि २२ जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि विभिन्न औद्योगिक समूहों/सामाजिक संस्थाओं ने 'हेल्थ एटीएम' उपलब्ध कराने की इच्छा जताई है। ऐसे सभी लोगों से संपर्क कर सहयोग प्राप्त किया जाए। इसे नजदीकी जिला अस्पताल की टेलीकन्सल्टेशन सेवा से भी जोड़ा जाए। हेल्थ एटीएम के सुचारू संचालन के लिए पैरामेडिक्स का प्रशिक्षण कर तैनाती की जाए। प्रदेश के नौ जिलों में अतिशीघ्र मेडिकल कलेजों का लोकार्पण होने जा रहा है। इन सभी नौ मेडिकल कलेजों के लिए एक—एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर कार्यों की दैनिक समीक्षा की जाए। अयोध्या के समग्र विकास के कार्यों की गति तेज करने की आवश्यकता है।

## उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर का किया निरीक्षण, दिया यह निर्देश



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को काशी विश्वनाथ करिडोर के कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया । यहां पर कराये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी हासिल करते हुये केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विश्वनाथ करिडोर का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर अनिवार्य रुप से पूरा किया जाए। कहीं कोई समस्या हो,तो शासन ,प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए । समस्या का तत्काल निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ करिडोर का निर्माण प्रसिद्ध तीर्थ स्थल के अनुरुप होना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को कार्य को गुणवत्तापूर्ण व अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौर्य ने काशी में सिद्ध पीठ मां अन्नपूर्णा के दर्शन व पूजन किया। अन्नपूर्णा से समस्त देश व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति व उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। अन्नपूर्णा मठ के पूज्य महंत रहे रामेश्वर पुरी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। डिप्टी सीएम ने बाबा विश्वनाथ का अभिषेक व पूजन किया।

## अखिलेश यादव के नाम से फर्जी ट्विटर अकाउंट चलाने वालों के खिलाफ केस दर्ज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश के नाम पर कथित तौर पर फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाकर नफरत फैलाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गौतमपल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सपा ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। सपा के ट्वीट के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम से फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाकर नफरत फैलाने वालों के खिलाफ सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। सपा ने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में शांति व्यवस्था बिगाड़ने और बदनाम करने का खेल चल रहा है। पटेल की शिकायत पर यहां राजधानी के गौतमपल्ली थाना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पटेल ने २२ जुलाई को अपनी शिकायत में कहा कि अखिलेश यादव के खिलाफ साजिश करने के मकसद से उनके नाम से ट्विटर पर झूठा बयान डाला गया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण किया जाएगा। उत्तम ने ऐसे संदेशों के स्क्रीन शट पुलिस को दिये हैं। फिलहाल सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद उस विवादित ट्विटर हैंडल को बंद करने के लिए लिखा गया है। वहीं मामले की जांच के लिए साइबर क्राइम सेल लखनऊ को लगाया गया है।



## पूर्व सीएम कल्याण सिंह की स्थिति नाजुक, योगी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञानसंस्थान (एसजीपीजीआई) में संक्रमण की वजह से भर्ती यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत अभी भी नाजुक है। उनको जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है और वह लगातार डायलिसिस पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एसजीपीजीआई पहुंच कर कल्याण सिंह के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। एसजीपीजीआई द्वारा मंगलवार को जारी बुलेटिन में बताया गया "उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उनको जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। उनका डायलिसिस



चल रहा है। सिंह क्रिटिकल केयर मेडिसिन, नेफ्रोलजी, न्यूरोलजी, एंडोक्राइनोलजी एवं कार्डियोलजी विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं। संस्थान के निदेशक प्रो आर के धीमान उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी पहलुओं पर गहरी नजर रखे हुए हैं।" अस्पताल के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एसजीपीजीआई का दौरा किया और कल्याण सिंह के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि ८९ वर्षीय कल्याण सिंह को गत चार जुलाई को संक्रमण और हल्की बेहोशी की वजह से एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। इससे पहले उनका इलाज डॉक्टर राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट में किया जा रहा था।

# यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता, दो रोहिंग्या व एक बांग्लादेशी मानव तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एटीएस ने लगातार ३६ घंटे आपरेशन चलाकर ३० अधिकारियों की मदद से मंगलवार को तीन इंटरनेशनल मानव तस्करों को दबोचा लिया। साथ में दो लड़कियों को भी बरामद किया है, जिनको बेचने की नियत से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारत में प्रवेश कराया गया था। एटीएस ने ये गिरफ्तारी गाजियाबाद से की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक बांग्लादेश और दो म्यांमार के रहने वाले हैं। एटीएस अधिकारियों ने बताया कि बरमद लड़कियां रोहिंग्या हैं, तस्कर इन्हें ब्रह्मपुत्र मेल से दिल्ली ले जा रहे थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि एक अंतर राष्ट्रीय गिरोह जो बच्चों और महिलाओं को म्यांमार और बांग्लादेश से भारत में अवैध तरीके से लाने और बेचने का काम कर रहे हैं। इसकी सूचना मिली थी जिसके बाद एटीएस की टीम को सक्रिय किया गया था। एडीजी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान मोहम्मद नूर मोहम्मद उर्फ नुरुल इस्लाम, रहमत उल्ला और शबीउर्रहमान के रूप में हुई है। मोहम्मद नूर बांग्लादेश का रहने वाला है। जबकि रहमत और शबीउर्रहमान म्यांमार के रहने वाले हैं। इस गिरोह के और एक व्यक्ति की तलाश की जा रही है, जो इनका खास साथी है। आरोपी




रोहिंग्या, बांग्लादेशी महिलाओं को फैक्ट्रियों में काम दिलाने के नाम पर झांसा देते थे, उनके कटूरचित दस्तावेज भी तैयार करवाते थे, जिसके बाद उन्हें भारत की नागरिकता दिला दी जाती थी। उसके बाद महिलाओं को बेच दिया जाता था। आरोपियों के पास से कई ऐसे दस्तावेज बरमद हुए हैं जो इस बात की तस्दीक करते हैं। एडीजी ने बताया कि ५ लोगों को एटीएस मुख्यालय लाया गया है। इसमें ३ लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इनके पास से दो म्यांमार की जो लड़किया बरामद हुई हैं दोनों को लखनऊ में आशा ज्योति केंद्र भेजा गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। दो मार्च को उन्नाव, नोएडा व अलीगढ़ से एक–एक रोहिंग्या पकड़े गए। इसी तरह १२ मार्च को सहारनपुर से दो, आठ जून को गाजियाबाद में दो, १७ जून को अलीगढ़ से चार और १८ जून को मेरठ–बुलंदशहर से चार–चार रोहिंग्या गिरफ्तार हुए। दो लोगों की गिरफ्तारी लखनऊ में की गयी थी एटीएस ने आरोपियों से पूछताछ की तो पता चला कि रहमतुल्लाह और शबीउर्रहमान जम्मू कश्मीर के नेरवाल स्थित रोहिंग्या कैंप में लंबे समय से रह रहे हैं। इस गिरोह के निशाने पर अलावा त्रिपुरा, मेघालय, असम, मणिपुर समेत उत्तर भारत के राज्यों की गरीब महिलाएं भी होती हैं। आरोपियों ने मानव तस्करी से कमाई गई रकम को कहां निवेश किया है? इसका पता एटीएस लगा रही है।

# आशियाना गुरुद्वारा में वैक्सीनेशन कैम्प का महापौर ने किया उदघाटन

लखनऊ। आशियाना गुरुद्वारा में वैक्सीनेशन कैम्प का उदघाटन किया। लखनऊ में सत–प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया लगातार निरीक्षण कर रही है।उसी क्रम में महापौर आज आशियाना गुरुद्वारा पहुंची जहां उन्होंने वैक्सीनेशन कैम्प का उदघाटन किया। महापौर ने कहा कि तीसरी लहर के संभावित खतरे को देखते हुए टीकाकरण ही एकमात्र विकल्प है।अधिक लोगों का टीकाकरण करके ही हम हर्ड इम्युनिटी बना पाएंगे। महापौर ने कहा कि आप सभी को यह बात ध्यान रखनी है कि कोरोना अभी गया नही है।सामाजिक दूरी, मास्क सैनीटाइजर का इस्तेमाल अभी हमे करते ही रहना है।हमारी छोटी से लापरवाही भी इस खतरे को बहुत बढ़ा सकती है।श्वैक्सीन भी



और मास्क भीश का यह मन्त्र हमे हमेशा याद रखना है।गुरुद्वारा आशियाना के अध्यक्ष श्री जगमोहन वोहरा जी ने बताया कि आज कुल ४०० वैक्सीन के डोज लगे है।इस अवसर पर महापौर संग अनंतशील वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष ड. नरिन्दर कौर जी,उपाध्यक्ष श्री सुरिन्दर पाल सिंह जी,सचिव श्री एस.एस सलूजा जी,कोषाध्यक्ष श्री दलजीत सिंह बेदी जी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भायेन्द्र इलाके में हुई डकैती के मामले में बड़ा खुलासा, महिला समेत तीन गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम ने भायेन्द्र इलाके में पड़ी डकैती की घटना का खुलासा करते हुए महिला समेत तीन आरोपियों को आज बलिया से गिरफ्तार कर



लिया। एसटीएफ प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि २१ जुलाई को मुम्बई के भायेन्द्र थाने में डकैती व हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। इस घटना में शामिल आरोपी बलिया जिले के रहने वाले थे। मुम्बई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एसटीएफ से सहयोग का अनुरोध किया था। इस सम्बन्ध में वाराणसी एसटीएफ फील्ड इकाई को अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी थी उन्होंने बताया कि सूचना पर एसटीएफ ने मुम्बई क्राइम ब्रान्च की टीम ने संयुक्त रुप से डकैती हत्या की घटना का सुखला करते हुए घटना में शामिल बलिया जिले के बांसडीह तहसील इलाके गलाफरपुर पकहा निवासी सोनू चौहान और लाल वार्मा की पत्नी मुन्नी देवी के अलावा कुसौरी कल निवासी सुधीर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से अपने ही गांव की सुमन की हत्या कर महिला के तीन मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, चेक बुक और २५२० रुपये नगद बरामद किए। प्रवक्ता ने बताया कि इस क्रम में एसटीएफ वाराणसी इकाई के उप निरीक्षक अंगद यादव के नेतृत्व में एक टीम व एपीआई निलेश सिवाले मुम्बई क्राइम ब्रान्च की टीम ने सोनू व सुधीर को रेलवे स्टेशन परिसर जनपद बलिया से तथा मुन्नी देवी को उसी के गलाफरपुर पकहा गांव से गिरफ्तार करते हुए डकैती से संबंधित माल बरामद किया गया। पूछताछ पर बताया कि अभियुक्त सोनू चौहान व सुधीर महाराष्ट्र में एक रबड़ की यूनाइटेड कम्पनी में काम करते थे वहीं सोनू चौहन के गॉव की सुमन अपने पति के साथ भोलानगर झोपड़पट्टी में रहती थी, जिसका पति प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। सोनू व सुधीर का उसके घर पर अक्सर आना जाना होता था। उन्होंने बताया इन लोगों को लगा कि उसके पास २५–३० लाख के गहने व नगदी है। लालच में आकर इन लोगों ने सुमन की हत्या कर सोनाध्गहने व पैसा लूटने का योजना बनायी और घटना को आसानी से अंजाम देने और किसी को कोई संदेह न हो अपने गांव की महिला मुन्नी देवी को योजना बताकर महाराष्ट अपने पास बुला लिया था और उसके बाद सोनू व सुधीर मुन्नी को साथ लेकर २१ जुलाई की शाम सुमन के घर पहुंच गये। गांव के होने के कारण सुमन इन सभी से पूर्व परिचित थी और उन सभी के लिये वह चाय बनाने लगी कि इसी दौरान इन तीनों ने मिलकर सुमन का गला दबाकर हत्या कर दी और उसके जेवरात, तीन मोबाइल, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, चेक बुक,बैंक पासबुक व ३८,०० रुपये लेकर फरार हो गये व बलिया आकर छिपकर रह रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगणों को कोतवाली बलिया में दाखिल कर अग्रिम विधिक व ट्रांजिस्ट रिमांड आदि की कार्यवाही महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जा रही है।

# एनसीपी ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला, गंठबंधन पर दिया ये बड़ा संकेत

लखनऊ। देश में संवैधानिक संस्थाओं को सरकार समाप्त कर रही है। प्रदेश एक अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। नए कृषि कानूनों से किसान चिंतित है। उक्त बातें नेशघ्नलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के राष्ट्रीय महासचिव केके शर्मा ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सपा की नीतियों के साथ उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ेगी। भविष्य में सपा और एनसीपी के बीच गठबंधन हो सकता है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि आने वाले दिनों में एनसीपी उत्तर प्रदेश में जनता के बीच संविधान बचाओ, उत्तर प्रदेश बचाओ, जन जागरण अभियान की शुरूआत करने जा रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों को एक वर्ग विशेष



के हाथों में दिया जा रहा है। आज देश के किसानों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के किसानों को यह डर सता रहा है कि उनकी जमीन नए कृषि के तहत पूंजीपतियों और व्यापारिक वर्गों के हाथों में दे दी जाएगी।

# नहर में युवक का शव बहता हुआ मिला क्षेत्र में मचा हड़कंप

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक का शव इंदिरा नहर रेगुलेटर के पास बहता हुआ दिखाई पड़ा क्षेत्र में मचा हड़कंप सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवा कर आधार कार्ड के आधार पर शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस द्वारा जानकारी के मुताबिक रामचंद्र पुत्र स्वर्गीय भगौती प्रसाद निवासी लोनहा पोस्ट पिपरसण्ड थाना बंथरा जोकि रेगुलेटर इंदिरा नहर में बेलदार के पद पर है उसने नगराम कोतवाली आकर सूचना दिया कि ड्यूटी के दौरान रेगुलेटर गेट नंबर २ पर देखा कि एक अज्ञात युवक का शव फंसा हुआ है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकालकर शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त न हो पाई छानबीन के दौरान पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक का नाम आकाश गौतम उम्र करीब २१ वर्ष निवासी सीतापुर के रूप में हुई अज्ञात युवक का शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस के मुताबिक मृतक अविवाहिता व मजदूरी करता था

# एक्टिव केसेज में कमी, कुल एक्टिव केस चार लाख पांच हजार से ज्यादा

नई दिल्ली। सोमवार को कोरोना वायरस के एक्टिव केसेज में कमी आई। पिछले हफ्ते चार दिन एक्टिव केसेज में बढ़ोतरी हुई थी, जिससे कुल एक्टिव केस चार लाख पांच हजार से ऊपर बनी रही। सोमवार को एक्टिव केसेज में करीब पांच हजार की कमी आई, जिसके बाद कुल एक्टिव केसेज की संख्या चार लाख तक आ गई। कई दिनों के बाद असम में २४ घंटे में मिले केसेज की संख्या में पांच हजार से ज्यादा की कमी दर्ज की गई। राज्य में ११ हजार से कुछ ज्यादा केसेज मिले, जबकि १४ हजार से ज्यादा लोग ठीक हुए। सोमवार को आमतौर पर पूरे देश में कम केस आते हैं क्योंकि रविवार को जांच के लिए कम सैंपल लिए जाते हैं। तभी देश में कुल संक्रमितों की संख्या ३० हजार के करीब रही। पिछले कुछ दिनों से लगातार ४० हजार के करीब संक्रमित मिल रहे थे। देश के कई बड़े राज्यों में सोमवार को एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में महज ५० केस आए और एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई। इसी तरह मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। इसके अलावा दो और बड़े



राज्यों बिहार और गुजरात में भी कोरोना के किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। उत्तराखंड में भी सोमवार को किसी मरीज की मौत नहीं हुई। बहरहाल, सोमवार को खबर लिखे जाने तक देश में २५ हजार से कुछ ज्यादा केसेज आए थे और ३६२ लोगों की मौत हुई थी। देश के सर्वाधिक संक्रमित राज्य महाराष्ट्र का आंकड़ा देर रात तक अपडेट नहीं किया गया था। उसका आंकड़ा आने के बाद संक्रमितों की संख्या ३० हजार से ऊपर जा सकती है। देश दूसरे सबसे अधिक संक्रमित राज्य केरल में ११,५८६ नए संक्रमित मिले और ६६ लोगों की मौत हुई। आंध्र प्रदेश में १,६२७ नए मामले मिले और १७ लोगों की मौत हुई। तमिलनाडु में १,७८५ नए संक्रमित मिले और २६ लोगों की मौत हुई। कर्नाटक में १,६०६ नए केसेज मिले और ३१ लोगों की मौत हुई। ओड़िशा में सोमवार को १,६३७ नए केसज मिले और ६२ लोगों की मौत हुई। पश्चिम बंगाल में ६५७ नए केस मिले और १२ लोगों की मौत हुई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को ३६ नए केस मिले और एक मरीजों की मौत नहीं हुई। राज्य में संक्रमण की दर ०.०७ फीसदी बनी रही। मध्य प्रदेश में सिर्फ छह नए संक्रमित मिले और किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई। राजस्थान में १८ नए केस मिले और एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई। मणिपुर में सोमवार को ६८६ नए केस मिले और नौ लोगों की मौत हुई।

## नागरिकता कानून में देरी होगी, डेढ़ साल भी गृह मंत्रालय इसे लागू करने का नियम नहीं बना सका

नई दिल्ली। दिसंबर २०१९ में संसद के दोनों सदनों से पास हुए नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के लागू होने में अभी और देरी होगी। कानून बनने के डेढ़ साल भी केंद्रीय गृह मंत्रालय इसे लागू करने का नियम नहीं बना सका है और अब गृह मंत्रालय ने नियम बनाने के लिए छह महीने का समय और मांगा है। इस कानून के तहत पड़ोसी देशों से प्रताड़ित होकर भारत आने वाले उन देशों के अल्पसंख्यकों यानी गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है। इसे लेकर काफी विवाद हुआ था लेकिन सरकार डेढ़ साल बाद भी इसे लागू नहीं कर पाई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के एक सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को संसद में कहा कि गृह मंत्रालय को इस कानून को लागू करने के नियम बनाने के लिए छह महीने का समय चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्रालय को नौ जनवरी २०२२ तक का समय चाहिए। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा इसके लिए और समय दें। गौरतलब है कि पिछले साल देश में इस कानून को लेकर बड़ा विरोध हुआ था और दिल्ली का शाहीन बाग इलाका इस कानून के विरोध से जुड़े आंदोलन का केंद्र बना था। नागरिकता कानून में संशोधन के जरिए यह प्रावधान किया गया है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और




ईसाई धर्म के प्रवासियों को भारत की नागरिकता अपेक्षोंत आसानी से मिलेगी। इससे पहले नागरिकता के लिए ११ साल भारत में रहना जरूरी था, इस समय को घटाकर एक से छह साल कर दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नौ दिसंबर को यह बिल लोकसभा में पेश किया था और सिर्फ तीन दिन में यानी १२ दिसंबर तक यह दोनों सदनों से पास हो गया और राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। लेकिन तब से गृह मंत्रालय अभी तक इस कानून को लागू करने का नियम नहीं बना पाया है।

## अगले महीने संभव बच्चों की वैक्सीन

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए चल रही वैक्सीनेशन अभियान के बीच अच्छी खबर है। अगले महीने यानी अगस्त में बच्चों की वैक्सीन आ सकती है। जानकार सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को संसद सत्र के दौरान हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संसदीय दल की बैठक में मौजूद थे। इससे पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स के निदेशक डक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा था कि सितंबर से बच्चों को वैक्सीन लगनी शुरू हो सकती है। कोरोना के जानकारों का मानना है कि संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए बच्चों को टीका लगाना एक बड़ा कदम होगा। यह भी माना जा रहा है कि कोरोना की तीसरी लहर की चेतावनी के बीच स्कूल खोलने के लिए भी बच्चों का वैक्सीनेशन अहम होगा। इससे पहले ड. रणदीप ने बच्चों की वैक्सीन को सितंबर तक मंजूरी मिलने की उम्मीद जताते हुए कहा था कि भारत बायोटेक की कोवैक्सीन और जायडस कैडिला की वैक्सीन के बच्चों पर ट्रायल चल रहे हैं। इनमें से कोवैक्सीन की ट्रायल के नतीजे सितंबर तक आने की उम्मीद है। ड. गुलेरिया ने कहा था कि जायडस कैडिला ने ट्रायल पूरे कर लिए हैं और इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी का इंतजार है। उन्होंने कहा था कि भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में बच्चों का वैक्सीनेशन जल्दी से जल्दी होना जरूरी है। गुलेरिया ने मुंबई की मिसाल देते हुए कहा था कि मुंबई में कोरोना की पहली लहर के मुकाबले दूसरी लहर में बच्चों में संक्रमण बढ़ा है। अब तीसरी लहर में भी देश भर में बच्चों के ज्यादा संक्रमित होने की आशंका जताई जा रही है।

## अगले ५ सालों तक दिल्लीवालों के लिए बिजली की दरों में कोई कटौती नहीं: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली में वैसे तो हाफ बिजली की सुविधा केजरीवाल सरकार ने कर रखी हैं। लेकिन फिर भी दिल्ली सरकार ने जनता को एक और बड़ी सुविधा दी हैं। दरअसल, सोमवार को गोवा के ऊर्जा मंत्री और दिल्ली के उर्जा मंत्री के बीच एक बिजली विवाद छिड़ गया। दिल्ली के बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन और गोवा के ऊर्जा मंत्री निलेश कैबराल के बीच हुए विवाद में एक बड़ी बात सामने आई हैं। ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने बहस के दौरान ऐलान कर दिया कि दिल्ली में पिछले ७ सालों से बिजली की दरों में बढ़ोतरी नहीं हुई और अगले पांच सालों तक बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। ( **Big announcement of Delhi government** ) ऊर्जा मंत्री जैन ने इस मौके पर कहा कि कैग की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बजट सरप्लस पर काम कर रही हैं। इसका मतलब निकालें तो दिल्लीवालों को अगले पांच सालों तक भी मौजूदा टैरिफ रेट से ही बिजली मिलती रहेगी और केजरीवाल सरकार भविष्य में बिजली के टैरिफ में कोई बदलाव नहीं करने जा रही है। गोवा की जनता के बीच हुई लाइव बहस के दौरान सोमवार को दिल्ली के बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिल्ली मडल की तारीफ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ( **Big announcement of Delhi government** ) जैन ने दिल्ली की केजरीवाल मॉडल की तारीफ करते हुए गोवा के लोगों को विश्वास दिलाया कि अगर आप की सरकार यहां बनती है तो अगले पांच सालों में गोवा के लोगों को भी २४ घंटे बिजली मिलेगी। गोवा के लोग इन्वर्टर और जनरेटर अपने घर में लगाना भूल जाएंगे। गोवा में मुख्यमंत्री केजरीवाल जब चुनाव प्रचार करने गये थे तब भी यही एलान किया था कि यदि आम आदमी पार्टी की सरकार गोवा में बन गई तो २०० यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। साथ ही कहा कि गोवा इमानदारी वाली राजनीति चाहता है। जैन ने आगे कहा कि गोवा के मंत्री जी कहते हैं कि हमारे यहां २४ घंटे बिजली इसलिए नही आती है क्योंकि वह छत्तीसगढ़ से आती है। ( **Big announcement of Delhi government** ) लेकिन, मैं गोवा की जनता को बताना चाहता हूं कि दिल्ली सरकार भी बिजली छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश से ही खरीदती है। इसके बावजूद दिल्ली में २४ घंटे बिजली मिल रही है। बता दें कि दिल्लीवालों को २०० यूनिट तक बिजली मुफ्त है और ४०० यूनिट तक बिजली की दर आधी है। केजरीवाल सरकार बिजली की मौजूदा दरों को पिछले कई सालों से बरकरार रखा है। गोवा में सत्येंद्र जैन के इस ऐलान के बाद अब दिल्लीवालों को अगले पांच सालों तक बिजली बिल में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं होगी।

## भारत-अमेरिकी संबंधों को मिलेगा बल, अमेरिकी विदेश मंत्री दो दिन के दौरे पर भारत पहुंचे

नई दिल्ली द्य अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दो दिवसीय भारत यात्रा पर आज मंगलवार को दिल्ली पहुंचे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का यह भारत दौरा काफी अहम माना जा रहा है। ब्लिंकन इस दौरे पर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जिसमें कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटने, अफगानिस्तान में सुरक्षा, हिंद-प्रशांत में दोनों देशों के संपर्कों को बढ़ावा देना जैसे कई अहम मुद्दों पर बैठके करेंगे। अपने दो दिन के कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी विदेश



मंत्री ब्लिंकन बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल से मिलेंगे और चर्चा करेंगे। इसी के साथ ब्लिंकन भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी बैठक करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ब्लिंकन की यह पहली भारत यात्रा है। आपको बता दें कि ब्लिंकन दो देशों की यात्रा पर निकले हैं। इस दौरे के दौरान पहले भारत में दो दिन रूकेंगे और बाद में कुवैत के लिए रवाना हो जाएंगे। ब्लिंकन कुवैत रवाना होने से पहले भारत के प्रधाानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे और कई मुद्दों पर चर्चा करने वाले हैं। भारत रवाना होने से पहले एंटनी ब्लिंकन ने ट्वीट कर कहा कि, नई दिल्ली और कुवैत सिटी की अपनी यात्रा पर रवाना हो रहा हूं। हिन्द-प्रशांत एवं पश्चिम एशिया में अपने साझा हितों के मद्देनजर सहयोग को और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साझेदारों के साथ चर्चा करने को उत्सुक हूं।

# पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान हुई ये बात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. पीएम मोदी से मुलाकात करने के लिए मांगता लोककल्याण मार्ग पहुंची थी. मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत के बाद कहा कि उन्होंने बंगाल की जनसंख्या के अनुपात में प्रधानमंत्री से टीके देने की गुजारिश की. उन्होंने बताया कि इस बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जवाब दिया है कि जरूर देखेंगे. इतना बता कर ममता बनर्जी आगे अपने कारवां की ओर निकल पड़ी. बता दें कि ममता बनर्जी अपने ५ दिनों के दिल्ली दौरे में हैं. इस दौरान ममता बनर्जी के विपक्षी नेताओं से मुलाकात करने वाली हैं. ममता का यह दौरा सही मायने में उनके कद को बढ़ाना वाला है. राजनीतिक जानकारों की माने तो ममता २०२४ की तैयारी में लग गई हैं. ममता बनर्जी ने आज प्रधानमंत्री मोदी से पहले राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर से भी मुलाकात की. करीब ३० मिनट तक दोनों के बीच में बातचीत. हालांकि बाहर आकर दोनों में से किसी ने भी यह नहीं बताया कि किस विषय पर उनकी बातचीत हुई है. प्रशांत किशोर के साथ ही ममता बनर्जी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ से भी मुलाकात की थी. ऐसे में माना जा रहा है कि ममता बनर्जी २०२४ के लोक सभा के चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट गई हैं. ममता बनर्जी का यह दिल्ली दौरा सही मायनों में महत्वपूर्ण है. जिस तरह से ममता बनर्जी ५ दिनों का यह दिल्ली का दौरा संसद के मानसून सत्र के दौरान कर रही हैं यह काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. राजनीतिक जानकारों की माने तो ममता एक मजबूत विपक्ष बनाकर भारतीय जनता पार्टी को घेरने की तैयारी कर रही हैं. ममता बनर्जी कल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात करने वाली हैं. इसके साथ ही ममता आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी मुलाकात करेंगी।



# राष्ट्रीय एकता को अखंड बनाए रखने में सराहनीय योगदान : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े अर्ध सैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को उसके स्थापना दिवस पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने मंगलवार को एक ट्वीट के जरिए कहा, "सीआरपीएफ के सभी साहसी कर्मियों और उनके परिजनों को बल के स्थापना दिवस पर बहुत–बहुत बधाई। सीआरपीएफ को उसकी बहादुरी तथा पेशेवर अंदाज के लिए जाना जाता है। भारत के सुरक्षा तंत्र में इस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की एकता को अखंड बनाए रखने में इसका योगदान सराहनीय है।" इसके साथ ही केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश को ब्त्च्थ् की वीरता और बलिदान पर गर्व है। इसके अलावा केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री और पेट्रोलियम और प्रोतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट में कहा– सीआरपीएफ के ८३वें स्थापना दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ इंडिया के साहसी और समर्पित बहादुरों को बधाई। जय हिन्द।' सीआरपीएफ केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करता है और इसकी मुख्य भूमिका राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेशों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में पुलिस की सहायता करना है। इसके साथ ही यह बल आतंकवाद रोधी अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बल की स्थापना २७ जुलाई १६३६ को क्राउन प्रतिनिधि पुलिस के रूप में की गई थी। आजादी के बाद २८ दिसंबर १६४६ को ब्त्च्थ् अधिनियम लागू होने पर इसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का नाम दिया गया।



# बसपा के प्रबुद्ध सम्मेलन से उड़ी विरोधियों की नींद

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसप) की ओरे से शुरु किये प्रबुद्ध सम्मेलन से विरोधियों की नींद उड़ गई हैं जिसके कारण वो इसे रोकने के लिए तरह–तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। उक्त बातें बसपा सुप्रीमों व प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कही। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी भी कहा जाता है लोगों में दिख रहे उत्साह से यह स्पष्ट है कि ब्राह्मण समाज का बसपा पर सहज विश्वास है। मायावती ने कहा कि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र ने यूपी में चल रही प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी, जो ब्राह्मण सम्मेलन के नाम से काफी चर्चा में है के प्रति उत्साहपूर्ण भागीदारी यह प्रमाण है कि इनका बसपा पर सजग विश्वास है, जिसके लिए सभी का दिल से आभार है। इसके साथ ही मायावती ने कहा कि अयोध्या से २३ जुलाई को रामलला के दर्शन से शुरू हुआ यह कारवां अंबेडकरनगर व प्रयागराज जिलों से होता हुआ लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है, जिससे विरोधी पार्टियों की नींद उड़ी है व इसे रोकने के लिए अब ये पार्टियाँ अलग–अलग हथकण्डे अपना रही हैं। इनसे सावधान रहें। बता दें कि यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी प्रमुख पार्टियां ब्राह्मण समाज को जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। इसी मकसद से बसपा ने भी सम्मेलन शुरु किया था।

# भारत का जुलाई के अंत तक ५० करोड़ से अधिक टीकाकरण का लक्ष्य था लेकिन भारत बायोटेक के कारण रहेगा अधूरा


नई दिल्ली। भारत में पहला टीकाकरण १६ जनवरी को दिल्ली एम्स में लगाया गया था। उसके बाद १ मई से १८ से ४४ वर्ष के लोगों के लिए टीकाकरण की शुरुआत की गई थी। भारत में कोरोना वैक्सीनेशन चरम पर है और बड़ी संख्या में हो रहा है। भारत ने जुलाई के अंत तक ५० करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन देने का लक्ष्य रखा है। लेकिन लगता है अब यह पूरा नहीं हो पाएगा। वो भी स्वदेशी कंपनी भारत बायोटेक की वजह से। क्योंकि देश की एकमात्र स्वदेशी वैक्सीन निर्माता कंपनी भारत बायोटेक टीके के उत्पादन को बढ़ाने के लिए लगातार संघर्ष करती दिख रही है। सोमवार को सरकार द्वारा जारी डाटा के विश्लेषण में यह बात सामने आई है। कोरोना महामारी के खिलाफ भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन अभियान शुरु किया है। अब तक लगभग ४३ करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। जो चीन के अलावा सभी देशों से ऊपर है। लेकिन आबादी के लिहाज से देखा जाए तो यह कई देशों के मुकाबले कम है। भारत सरकार ने मई में कहा था कि वह जुलाई के अंत तक ५१ करोड़ ६० लाख वैक्सीन की खुराक उपलब्ध कराएगी। केंद्र दिसंबर तक अपने सभी अनुमानित ६४ करोड़ ४० लाख वयस्कों को




टीका लगाना चाहता है। जुलाई के अंत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए, हालांकि, अधिकारियों को औसत दैनिक टीकाकरण तीन गुना से अधिक बढ़ाकर १.४० करोड़ खुराक तक करना होगा, लेकिन भारत बायोटेक द्वारा हाल ही में कोवैक्सीन टीकों की जो आपूर्ति की गई है, उसके अनुमानों के आधार पर यह संभव नहीं लगता। सरकार भरोसा कर रही थी कि उसे जुलाई या अगस्त से हर महीने ६ से ७ करोड़ कोवैक्सीन खुराक की आपूर्ति की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पिछले हफ्ते संसद को बताया कि भारत बायोटेक इस महीने केवल २.५ करोड़ और अगस्त में ३.५ करोड़ खुराक की आपूर्ति करेगा क्योंकि दक्षिणी शहर बेंगलुरु में वैक्सीन की एक नई उत्पादन लाइन को पूरी तरह से तैयार होने में समय लग रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि वैक्सीन आपूर्ति की कमी हमारे वैक्सीनेशन कार्यक्रम को प्रभावित नहीं करेगी। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने बीते २३ जुलाई को संसद में कहा था कि जनवरी से १६ जुलाई तक भारत बायोटेक द्वारा कोवैक्सीन की ५.४५ करोड़ खुराकों और सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा कोविशील्ड की ३६.०१ करोड़ खुराकों की केंद्र को आपूर्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। दूसरी ओर, भारत बायोटेक ने भी अपने वैक्सीन के उत्पादन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सरकार अपने टीकाकरण अभियान के लिए अगस्त से दिसंबर के बीच सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) से टीके की ५० करोड़ खुराक और भारत बायोटेक से ४० करोड़ खुराक मिलने का भरोसा कर रही है।

# कलयुगी बेटे ने जमीन के टुकड़े के लिए मां को उतारा मौत के घाट

लखनऊ। जिस मां ने अपने बेटे को जान पर खेलकर जन्म दिया उसी बेटे ने मां को ही मौत के घाट उतार दिया। राजधानी के निगोहा थाना क्षेत्र के ग्राम कलासर खेडा गांव में हुई इस घटना से लोग हैरान और परेशान दिखे। मंगलवार को सुबह पड़ोसियों ने इसकी सूचना निगोहा पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। निगोहां के कलासर खेडा गांव की रहने वाले ५६ वर्षीय लीलावती के नाम जमीन काल बन गयी। लीलावती का बड़ा बेटा संजय लगातार पैतृक जमीन को बेचने का दबाव बना रहा था, कई बार उसकी लीलावती से काफी कहासुनी हुई थी। आस–पास के लोगों ने बताया कि संजय नशे का भी लती है, कई बार उसने शराब के नशे अपनी मां की पिटाई भी की थी। सोमवार देर रात भी संजय शराब के नशे में धुत होकर मां से जमीन बेचने का दबाव बनाते हुए मां की पिटाई करने लगा। विरोध करने पर साड़ी के पल्लू से मां का गला कसकर उसे मौत के घाट उतार दिया और मौके से भाग निकला। मंगलवार की सुबह घर के बाहर लीलावती का शव पड़ा देख पड़ोसियों ने निगोहां पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पाकर छोटा बेटा और बेटी भी पहुंची। इंस्पेक्टर निगोहां नंद किशोर ने बताया कि आरोपित बेटे की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि दो लीलावती के दो बेटे संजय और संगम व एक बेटी राजरानी है। बेटी और बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। लीलावती अपने दोनो बेटों से अलग गांव में रहती थी। बड़ा बेटा भी गांव में अलग रहता था। छोटा बेटा लखनऊ में रहता था। ग्रामीणों के मुताबिक बड़ा बेटा संजय नशे का लती है, जो आये दिन अपनी मां लीलावती से जमीन बेचने का दबाव बना रहा था। कई बार गांव वालों ने पिटाई करते देखा तो संजय को भी डांट लगायी लेकिन आये दिन वह बवाल से बाज नहीं आया।



# अगस्त में बैंक आधा महीना बंद रहेंगे, पहले ही कर ले जरूरी काम

नई दिल्ली। लखनऊ। अगर बैंक में कोई जरूरी काम करना है तो जुलाई में ही कर ले। क्योंकि अगस्त में बैंक १५ दिन की छुट्टी पर रहेंगे। लगभग आधा महीना बैंक बंद रहेंगे। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। देशभर के सभी बैंक नहीं बंद होंगे। क्योंकि त्ठप् की ओर से छुट्टियों की एक लिस्ट जारी की गई है जिसमें कुछ क्षेत्रीय छुट्टिया हैं। यानी कुछ राज्यों में ही बैंक बंद रहेंगे। और बाकी जगह खुले रहेंगे। ( इंदा विसपकंले पद नहनेज ) अगस्त के महीने में कुछ जगहों पर लगातार तीन दिन तक बैंकों में अवकाश रहेगा। इसलिए आपका बैंक से संबधित जो भी काम हो निपटा ले। १ अगस्त को रविवार पड़ रहा है इसका मतलब अगस्त महीने में बैंकों की शुरुआत ही छुट्टी के साथ हो रही है। १ अगस्त को पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। महीने की पहली तारीख को कई ट्रांजैक्शन ड्यू रहते हैं। इसलिए आपका कोई बैंक का काम पेंडिंग हो तो पहले ही निपटा लें। इसके बाद बैंक में रविवार की छुट्टियां भी पड़ रही है जिसमें बैंक बंद रहेंगे। ८ अगस्त, १५ अगस्त, २२ अगस्त और २६ अगस्स्त को रविवार है इन दिनों बैंक बंद रहेंगे। अब बारी दूसरे और चौथे शनिवार की, १४ अगस्त और २८ अगस्स्त को दूसरा और चौथा शनिवार पड़ेगा। इस दिन भी बैंकों का अवकाश होगा। यानी रविवार की ५ छुट्टियां और शनिवार की २ छुट्टियां मिलाकर ७ छुट्टियां तो सिर्फ रविवार और शनिवार की हो गईं। इसके बाद इंफाल में १३ अगस्त को पैट्रियट डे पर बैंक बंद रहेंगे। पारसी नववर्ष पर १६ अगस्स्त को बेलापुर, मुंबई और नागपुर में बैंकों में छुट्टी रहेगी। १६ अगस्त को मुहर्रम है जिसकी वजह से बैंकों में कामकाज नहीं होगा।इस दिन अगरतला, अहमदाबाद, बेलापुर, भोपाल, हैदराबाद, जयपुर,



जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना, रायपुर, रांची और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे। ओणम के कारण २० अगस्त को बेंगलुरु, चेन्न्ई, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद रहेंगे। २१ अगस्त को थिरुवोणम और २३ अगस्स्त को श्री नारायणा गुरु जयंती के मौके पर कोच्चि और तिरुवनंतपुरम में बैंकों में अवकाश होगा। ३० अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इस दिन अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, गंगटोक, जयपुर, जम्मू, कानपुर, लखनऊ, पटना, रायपुर, रांची, शिलांग, शिमला और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।नहैदराबाद मेंष्ण जन्माष्टमी ३१ अगस्त को मनाई जाएगी। १ अगस्त– रविवार, ८ अगस्त– रविवार, १३ अगस्त– पैट्रियट टे– इंफाल में बैंक बंद, १४ अगस्त– महीने का दूसरा शनिवार, १५ अगस्त– रविवार, १६ अगस्त– पारसी नववर्ष (शहंशाही)– बेलापुर, मुंबई और नागपुर में बैंक बंद, १६ अगस्त– मुहर्रम (अशूरा)– अगरतला, अहमदाबाद, बेलापुर, भोपाल, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना, रायपुर, रांची और श्रीनगर में बैंक बंद, २० अगस्त– मुहर्रम/फर्स्ट ओणम– बेंगलूरु, चेन्नई, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद, २१ अगस्त– थिरुवोणम– कोच्चि और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद, २२ अगस्त– रविवार, २३ अगस्त– श्री नारायणा गुरु जयंती– कोच्चि और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद, २८ अगस्त– महीने का चौथा शनिवार, २६ अगस्त– रविवार, ३० अगस्त– जन्माष्टमी कृष्ण जयंती– अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, गंगटोक, जयपुर, जम्मू, कानपुर, लखनऊ, पटना, रायपुर, रांची, शिलांग, शिमला और श्रीनगर में बैंक बंद, ३१ अगस्त– श्री कृष्ण अष्टमी– हैदराबाद में बैंक बंद।

## इजराइल के सॉफ्टवेयर पेगासस के जरिए बीएसएफ, ईडी, रॉ अफसरों की भी जासूसी!

नई दिल्ली। इजराइल के सॉफ्टवेयर पेगासस के जरिए हुई कथित जासूसी के मामले में कुछ और नए नाम सामने आए हैं। पेगासस प्रोजेक्ट रिपोर्ट का खुलासा करने वाली वेबसाइट 'द वायर' ने बताया है कि सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ, प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यानी र के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय के कुछ अधिकारियों के फोन की जासूसी किए जाने की संभावना है। इस रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएफ के पूर्व महानिदेशक केके शर्मा, ईडी के वरिष्ठ और चर्चित अधिकारी राजेश्वर सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुख्य सलाहकार रहे वीके जैन की भी जासूसी किए जाने की संभावना है। इसके अलावा र के एक रिटायर अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय के एक जूनियर अधिकारी और दो पूर्व सैन्य अधिकारियों की भी जासूसी होने की आशंका है। इनके फोन नंबर भारत के उन एक हजार नंबरों की सूची में शामिल है, जिनकी पेगासस के जरिए जासूसी किए जाने की आशंका है। 'द वायर' के मुताबिक केके शर्मा का नाम सूची में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ से जुड़ी एक कांफ्रेंस में उनके शामिल होने के एक महीने बाद जोड़ा गया था। इस रिपोर्ट में २०१७ से २०१६ के बीच राजेश्वर सिंह के परिवार की जासूसी कराने की संभावना भी जताई गई है। वे उस समय लखनऊ में तैनात हैं। राजेश्वर सिंह ने २जी स्पेक्ट्रम घोटाले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की भूमिका की जांच की थी। इस सूची में पूर्व आईएएस अधिकारी वीके जैन का नाम भी शामिल है। जैन केजरीवाल के मुख्य सलाहकार रह चुके हैं। पूर्व सैन्य अधिकारी कर्नल मुकुल देव का नाम इस सूची में २०१६ में जोड़ा गया। मुकुल देव सरकार के कई फैसलों के खिलाफ अपनी असहमति जता चुके हैं। कर्नल ने 'द वायर' को बताया कि उन्हें सेना के लिए लड़ने के बदले टारगेट किया गया। सेना के एक और अधिकारी कर्नल अमित कुमार को भी सर्विलांस लिस्ट में रखा गया था। इनके अलावा 'द वायर' की रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएफ कमांडेंट जगदीश मथानी, र के रिटायर अधिकारी जितेंद्र कुमार ओझा और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी सर्विलांस लिस्ट में शामिल थे।

## भारत को एक और मेडल की जगी उम्मीद, बॉक्सिंग गर्ल लवलीना मेडल से एक कदम दूर

नई दिल्ली। टोंक्यो ओलंपिक (Tokyo Olympics 2020) का चौथा दिन भारत के लिए कुछ खास नहीं रहा। आज भारतीय खिलाड़ी किसी भी गेम में एक भी पदक नहीं जीत पाए हैं। हालांकि भारत को ओलंपिक के पांचवे दिन से काफी उम्मीदें लगी है। भारत की बॉक्सिंग गर्ल लवलीना (प्दकपंद ठव•पदह ळपतस स्वअसपदं) ने आज शानदार खेल का प्रदर्शन किया और जीत हासिल की। ऐसे में लवलीना बोरगोहेन (स्वअसपदं ठवतहवींपद) सिर्फ एक जीत से दूर है। जीत मिलते ही भारत का एक और पदक पक्का हो जाएगा। टोक्यो ओलंपिक में अभी तक भारत सिर्फ एक ही पदक जीत पाया है। मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया है। भारत की बॉक्सिंग गर्ल लवलीना (Indian BoÛing



Girl Lovlina) अच्छे खेल का प्रदर्शन कर रही है। लवलीना ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया कर लिया है। उन्होंने ६४–६६ किग्रा भार वर्ग में जर्मनी की मुक्केबाज नादिन एपेट्जो को ३–२ से हरा दिया है। ऐसे में उनके सेमीफाइनल में पहुंचते ही ब्रन्ज मेडल पक्का हो जाएगा। लवलीना अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला ३० जुलाई को खेलेंगी और उसे जीतते ही वह सेमीफाइनल में प्रवेश कर जाएंगी। लवलीना क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की नियान चिन चेन से भिड़ेंगी। वहीं दूसरी ओर, आलंपिक में बैडमिंटन के मुकाबले में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने अपना आखिरी ग्रुप मैच जीत लिया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने ब्रिटेन के बेन लाने और सीन वैंडी को २१–१७, २१–१६ से मात दी है। लेकिन मैन्स डबल्स इवेंट के क्वार्टरफाइनल में क्वालीफाई नहीं कर पाए हैं।

## टीम इंडिया के कैंप में खलबली, क्रुणाल पांड्या कोरोना पॉजिटिव जानिए कब होगा दूसरा टी–२० मैच?

नई दिल्ली। भारत बनाम श्रीलंका दूसरा ज्२० मैच मंगलवार को खेला जाना था पर अब टीम इंडिया के कैंप से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है अलराउंडर खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या कोरोना पजिटिव पाए गए है। जिसके चलते टीम इंडिया के कैंप में खलबली मच गयी है और सभी खिलाड़ियों को क्वारंटीन कर दिया गया है। अब सबकी जुबान पर बस एक ही सवाल है की आज शाम मैच होगा या नहीं! हम आपको बता दें सभी खिलाड़ियों का फिर से कोरोना टेस्ट होगा अगर कोई और खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव नहीं आता है तो कल यानी बुधवार को मैच हो सकता है फिलहाल के लिए मैच एक दिन आगे खिसक गया है। क्रुणाल पांड्या के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद अब कई बड़े सवाल निकल कर आ रहे है। क्रुणाल पंड्या ने पहला ज२० मैच खेला था तो क्या वो उस समय भी कोरोना पॉजिटिव थे अगर ऐसा हुआ तो सभी खिलाड़ियों पर खतरा बढ़ जाएगा। इस वक्त तो सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है की



क्या पृथ्वी श और सूर्यकुमार यादव अब इंग्लैंड जाएंगे या नहीं। दोनों खिलाड़ी को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया है। देखना होगा की अब आगे क्या होगा? क्रुणाल ने पहले टी–२० में सिर्फ दो ओवरों की गेंदबाजी की थी और १६ रन देकर १ विकेट हासिल किया था। इसके अलावा बल्लेबाजी में नाबाद ३ रन बनाए थे। इससे पहले इंग्लैंड में मौजूद ऋषभ पंत भी कोरोना पॉजिटिव आए थे पर अब वो कोरोना से रिकवर कर चुके है और फिर से टीम से जुड़ चुके है।

## टोक्यो में मंगलवार को भी निराशा, मुक्केबाजी और हॉकी में अच्छा प्रदर्शन

टोक्यो। ओलंपिक में पांचवें दिन यानी मंगलवार को भी भारत के हाथ निराशा लगी। पहले दिन मेडल जीतने के बाद पिछले चार दिन से भारत दूसरे मेडल के लिए इंतजार कर रहा है। मंगलवार को भी भारतीय खिलाड़ी कोई मेडल नहीं जीत सके। शूटिंग में १० मीटर एयर पिस्टल और १० मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में भारतीय निशानेबाजों ने निराश किया। टेबल टेनिस में अचंता शरत कमल नंबर एक खिलाड़ी के सामने कड़ी चुनौती पेश करने बावजूद हार गए। मुक्केबाजी और हकी में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से आगे की उम्मीद बंधी है। महिला मुक्केबाज लवलिना बोरगोहेन ६६ किलोग्राम की श्रेणी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं, पुरुष हकी टीम ने स्पेन को ३–० से हरा कर अस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मुकाबले में मिली हार की निराशा को पीछे छोड़ दिया है। पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रही लवलिना बोरगोहेन ने दमदार खेल दिखाते हुए जर्मनी की नादिने एपेट्ज को हराया। २३ साल की लवलिना ने ३५ साल की जर्मन प्रतिद्वंद्वी पर तीनों राउंड में हावी रहीं। लवलिना अब मेडल पक्का करने से सिर्फ एक जीत की दूरी पर हैं। बक्सिंग में सेमीफाइनल में पहुंचते ही कम से कम कांस्य मेडल पक्का हो जाता है। मुक्केबाजी में मेरीकम टोक्यो ओलिंपिक में भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। उधर १० मीटर एयर पिस्टल के मिस्क्ड इवेंट में मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड–२ में सातवें स्थान पर रही। यशस्विनी देसवाल और अभिषेक वर्मा की जोड़ी क्वालिफाइंग राउंड–१ में ही बाहर हो गई। १० मीटर एयर राइफल में दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वालारिवन की जोड़ी क्वालिफिकेश राउंड में १२वें स्थान पर रही। अंजुम मुद्गिल और दीपक कुमार की जोड़ी १८ वें स्थान पर रही।

# सीएम योगी आदित्यनाथ कानपुर में तीन से छह साल तक के बच्चों को बांटेंगे प्री स्कूल किट

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चे प्री नर्सरी स्कूलों जैसी सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। वे प्री स्कूल किट से पढ़ाई करेंगे। तीन से छह साल तक के बच्चों के



लिए उम्दा कहानी की किताबें नेशनल बुक ट्रस्ट मुहैया करा रहा है। वहीं, खेल आदि गतिविधि बेहतर तरीके से संचालित करने का केंद्रों पर पूरा इंतजाम किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन बच्चों की पढ़ाई में विशेष रुचि ले रहे हैं। वह बुधवार को कानपुर में बच्चों को प्री स्कूल किट बांटेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार का आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प पर जोर है, ताकि योजनाओं का लाभ सबको मिल सके। अब तक १,७०,८६६ आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिक्षा व प्रशिक्षण (ईसीसीई) के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पहल पुस्तिका, प्री स्कूल किट व बाल मूल्यांकन कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग ने नई शिक्षा नीति २०२० के तहत ४४ जिलों के १,०६,१२८ आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल किटस का वितरण किया है। वहीं, खेल व अन्य गतिविधियां बढ़ाने के लिए केंद्रों पर आने वाले तीन से छह साल के बच्चों के लिए बाल उपयुक्त कहानी की किताबें परियोजना कार्यालय पर नेशनल बुक ट्रस्ट उपलब्ध करा रहा है।केंद्रों पर ईसीसीई की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए समन्वित बाल विकास योजना (आइसीडीएस) के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 'पहल' नाम का एक ईसीसीई मैन्युल बनाया गया है। इसका निर्माण एससीईआरटी की ओर से विकसित पाठ्यक्रम के अनुसार किया गया है, जिसे ४४ जिलों में पहुंचाया जा चुका है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के लिए वर्ग के अनुसार व्यक्तिगत मूल्यांकन कार्ड भी पहुंच गए हैं।

# संजय सिंह ने भाजपा पर साधा निशाना, बोले- योगी के अत्याचार से अति पिछड़े वर्ग के लोगों में भारी गुस्सा

बलिया। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी और राज्यसभा सदस्य्य संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अत्याचार से अति पिछड़े वर्ग के लोगों में भारी गुस्सा है। आप सांसद संजय सिंह ने सोमवार को बलिया जिले के नगरा में पार्टी द्वारा आयोजित 'पिछड़ा वर्ग हिस्सेदारी रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अत्याचार से अति पिछड़े वर्ग के लोगों में भारी गुस्सा है।" उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने शिक्षकों की भर्ती में पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं दे कर संविधान का अपमान किया है। आप प्रभारी ने पिछड़े वर्ग के लोगों को भाजपा से सचेत रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बहला फुसला कर उनका वोट हासिल करके सरकार तो बना ली लेकिन सरकार बनाने के बाद वह पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकारों को लगातार छीन रही है। सिंह के पिछड़े वर्ग के लोगों से एकजुट होने और भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, "प्रदेश सरकार के मुखिया संपत्ति जब्त करने की रोजाना धमकी देते है,जबकि लोग दैनिक इस्तेमाल की वस्तुओं के बढ़ते दामों से परेशान हैं, घर चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में किसी के पास कुछ बचेगा तभी तो मुख्यमंत्री कुछ जब्त कर पाएंगे।"

# पांच पुलिस उपाधीक्षक इधर से ऊधर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। सोमवार को डीजीपी मुख्यालय ने पांच पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की स्थानांतरण सूची जारी की है। इससे पहले रविवार देर रात शासन ने निरीक्षक से डीएसपी पद पर प्रोन्नत हुए ४७ पुलिस अधिकारियों के तबादले किए। यह सभी लिपिकीय संवर्ग के अधिकारी हैं। प्रोन्नति पाए सभी निरीक्षकों को तैनाती दे दी गई है। दिनेश कुमार दुबे : बाराबंकी से मंडलाधिकारी, मेरठ के पद पर स्थानांतरणाधीन रू स्थानांतरण रद करते हुए बाराबंकी में रहेगी तैनाती। प्रीति देवीः चंदौली : बलिया। अनिल राय : सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊः चंदौली। अखिलेश रायः रेलवे, वाराणसी से सहायक सेनानायक २०वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ के पद पर स्थानांतरणाधीनः स्थानांतरण संशोधित करते हुए सहायक सेनानायक ३६वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी। तनु उपाध्याय : प्रतापगढ़ः कानपुर देहात

# निराश्रित महिला पेंशन के लिए कैंप लगाने के निर्देश

लखनऊ। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्वाती सिंह ने पति की मृत्यु के बाद निराश्रित हुई महिलाओं को कैंप लगाकर पेंशन वितरित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिला पेंशन के आवेदन पत्र भरवाने के लिए प्रत्येक १५ दिनों में तहसील व ब्लाक स्तर पर कैंप लगाए जाएं और अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। मंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सबसे कम प्रगति वाले १० जिलों को सचेत करते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। साथ ही इन जिलों से स्पष्टीकरण मांगा है। विभागीय अफसरों ने मंत्री को बताया कि वन स्टाप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य ५२ जिलों में शुरू हो गया है। मंत्री ने तीन माह में शेष जिलों में निर्माण कार्य पूरा




करने के निर्देश दिए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद स्थापित करने को कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत अब तक ४४८४ बच्चों के खाते में धनराशि भेजी जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि इस योजना में १५ दिन के अंदर जिला टास्क फोर्स द्वारा अनुमोदित कराकर तत्काल धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेजी जाए। युवाओं को लैपटाप देने के लिए उन्होंने पूरे प्रदेश में एक साथ कार्यक्रम करने को कहा। महिला कल्याण निदेशक मनोज राय ने कहा कि निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत लगाए जाने वाले कैंपों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन पत्र भी भराए जाएं।

# एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल जारी, परेशान दिखे मरीज व तीमारदार, सीएम योगी ने दी ये चेतावनी

लखनऊ। प्रदेश में १०८ और १०२ एंबुलेंस कर्मचारियों की अनिश्चतकालीन हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहीं। सरकार के सख्त रवैये को देखते हुए एंबुलेंस संचालन करने वाली कंपनी जीवीके ईएमआरआई ने एंबुलेंस संघ के प्रदेश अध्यक्ष समेत समस्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। सरकार ने सोमवार को हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद कर्मचारी आंदोलन पर डटे हुए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाते हुए सेवाएं प्रभावित करने वालों पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। एएलएस एम्बुलेंस कर्मचारियों की ओर से हड़ताल जारी रखने से मरीजों को हो रही दिक्कत को देखते हुए सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। जिसके बाद कंपनी



ने एंबुलेंस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, राजधानी समेत अन्य जिलों में भी हड़ताल के चलते से लोग परेशान हुए। सरकार की सख्ती को देखते कंपनी ने कहा है कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष समेत १४ पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया हैं। साथ ही निर्देश दिया है कि जो भी कर्मचारी दोपहर तीन बजे तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं करते हैं, उन सभी को बर्खास्त कर दिया जाएगा। इधर, एस्मा एक्ट के तहत अशियाना थाने में सभी पदाधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करा दी है। जिन कर्मचारियों को बर्खास्घ्त किया गया है, उनमें हनुमान पांडेय, सुशील पांडेय, शरद यादव, सुनील सचान, प्रवीण मिश्रा, सतेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, गिरजेश कुमार, जयशंकर मिश्रा, महेंद्र सिंह, नीतीश कुमार, रितेश शुक्ला, विनय तिवारी सहित अन्य हैं।

# अजय लल्लू ने भाजपा पर बोला हमला, कहा- किसान इनके एजेंडे में नहीं

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार जब–जब प्रदेश और केन्द्र में आई हमेशा से कारपोरेट जगत की समर्थक रही है किसान कभी इनके एजेंडे में नहीं रहा है। उक्त वक्तव्य देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि तीनों काले षि कानून आने के पहले मंडियां बनाना शुरू हो गई थी, स्पष्ट है कि कारपोरेट के दबाव में यह कानून ले आया जा रहा था जहां किसानों का हित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप देने में होता वहीं ऐसा न करके बिना किसानों के सलाह के वह कानून थोपे गये जिससे किसान सड़क पर आ गये। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की शहादत का भी यह सरकार उपहास उड़ा रही है इनके जिम्मेदार मंत्री किसानों को अपशब्दों से नवाजते है जो इस सरकार की मानसिकता दर्शाता है। किसानों के हित के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिलाने के लिए तीनों कानूनों के रद्द करने के लिए हम संघर्ष करते रहेंगें। सरकार के पास किसानों के शहादत का कोई रिकार्ड नहीं है इतनी असंवेदनशीलता इस सरकार को बहुत भारी पड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि किसानों के हित में आवश्यक वस्तु अधिनियम जो किसानों को सुरक्षित करता था, कालाबाजारी से रोकता था उसे कारपोरेट के इशारे पर समाप्त करने का प्रावधान लाया गया। खाद्य पदार्थ तेल, आलू, प्याज,



दाल, तिलहन को आवश्यक वस्तु मानते हुए कालाबाजारी से रोका जाता था आज बड़े व्यापारियों को कालाबाजारी करने की छूट देने का प्रयास किया जा रहा है। आज हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी ने जिस तरह से ट्रैक्टर चलाकर किसानों के समर्थन में संसद पहुंचे, केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को खेत बेचने पर मजबूर करने का मुद्दा उठाया उनके निर्देशन में किसानों की लड़ाई हम कानून वापसी तक लड़ते रहेंगें।

# बारिश के पानी में बहने लगा विकास के नाम का भ्रष्टाचार


लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब विकासखंड क्षेत्र में पंचायतों का गठन होने के बाद विकास के नाम पर भ्रष्टाचार गांव की नालियों में बहने लगा है। बीकेटी के ग्राम पंचायत गोधना में एक ऐसा ही मामला



सामने आया है जहां गांव में काफी समय से जल निकासी ने होने से ग्राम पंचायत वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में जलभराव की निकासी के लिए सरकारी विद्यालय के किनारे से नाली बनाई गई परंतु निर्माण के ४ दिन बाद ही बरसात में पानी के साथ ही ये नालियां भी ढह गई। जब इस मामले की शिकायत सीडीओ से की गई तो सीडीओ ने जांच के निर्देश दे कर अपना पल्ला झाड़ लिया। बता दें कि बीकेटी ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर आ रहे सरकारी धन का दुरुपयोग लंबे समय से किया जा रहा है। ताजा मामला गोधना ग्राम पंचायत का है यहां विकास के नाम पर बनाई गई नाली बरसात होते ही ढह गई और भ्रष्टाचार की पोल खुलकर सामने आ गई बता दें कि पानी निकलने के लिए बनाई गई नाली की बुनियाद न्यू में गिट्टी डालने की जगह पर पुरानी ईटो के टुकड़े बिछा दिए गए जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बीडियो से की तो आनन–फानन में नाली का निर्माण शुरू करा दिया गया परंतु ४ दिन पहले हुई हल्की बारिश में नाली की दीवारें ढह गई। नाली में सरकारी पैसे को भी पानी में बहाने का काम ठेकेदार और अवर अभियंता ने किया। गोधना गांव में बन रही नाली निर्माण राज्य वित्त की धनराशि ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अवर अभियंता आशुतोष की निगरानी में कराया जा रहा था।नाली ढह जाने के बाद भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अवधेश प्रताप सिंह के साथ ग्रामीणों ने सीडीओ से शिकायत कर नाली निर्माण में दोयम दर्जे की निर्माण सामग्री लगाने की बात कहीं इस पर सीडीओ अश्वनी कुमार पांडे ने बीकेटी की बीडियो को इस मामले की जांच के निर्देश दिए। बीडियो पूजा सिंह ने बताया कि गोध ाना में नाली निर्माण की उन्होंने जांच की है जांच में निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं पाया गया। इसकी तकनीकी जांच रिपोर्ट आने पर जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वहीं अगर बात करें विकासखंड के ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को लेकर तो कहीं ना कहीं एक प्रश्न चिन्ह लगना लाजमी है।

# फिर छिड़ गई इतिहास पर सोशल मीडिया में जंग, जावेद अख्तर ने कहा शाहजहां में 75 : राजपूती खून

नई दिल्ली। सोशल मीडिया में कई बार इतिहास के गड़े हुए पन्ने निकाले जाते हैं. इसी क्रम में कई बार देखा जाता है कि लोग आपस में भी उलझ जाते हैं. ऐसा ही बखेरा एक बार फिर से मशहूर लेखक और गीतकार जावेद अख्तर के ट्वीट से शुरू हुआ है. जावेद अख्तर के ट्वीट के बाद कुछ लोग मुगल साम्राज्य की तारीफें



कर रहे हैं तो कुछ लोग शाहजहां और मुगल साम्राज्य को लानत दे रहे हैं. दरअसल जावेद अख्तर ने ट्वीट कर विवादित बयान दे दिया है. जावेद ने ट्विटर पर लिखा है कि मुगल बादशाह शाहजहां में भी राजपूतों का खून था, इसके बाद भी लोग विदेशी कह कर बुलाते हैं. जावेद अख्तर ने अपनी बात को समझाने के लिए बराक ओबामा को भी उदाहरण दिया. उन्होंने कहा कि ओबामा के चाचा और चाची केन्या में ही रहते हैं. उन्होंने कहा कि बराक ओबामा के दादा दादी भी वही रहते थे. लेकिन इसके बाद भी अमेरिका से चुनाव लड़ने के लिए ओबामा को अधिकार मिल गया क्योंकि उनका जन्म अमेरिका में हुआ था. अब इसी बात को जावेद अख्तर शाहजहां के साथ जोड़कर समझाते हैं. जावेद अख्तर का कहना है कि शाहजहां भारत में पांचवा मुगल बादशाह था . उसकी दादी और मां दोनों ही राजपूत थीं. ऐसे में शाहजहां को विदेशी कहना कैसे संभव है जबकि उनके अंदर ७५: राजपूतों का खून था. जावेद अख्तर के ट्वीट करने के बाद सोशल मीडिया में एक नई बहस छिड़ गई. सोशल मीडिया में लोगों ने तरह–तरह के तर्क देने शुरू कर दिया. किसी ने कहा कि ओबामा ने शाहजहां की तरह लोगों पर अत्याचार नहीं किए और ना ही ओबामा के पूर्वजों ने भारत पर कोई हमला किया था. हालांकि सोशल मीडिया में जावेद अख्तर का समर्थन करने वालों की भी कमी नहीं थी. ऐसे लोगों का कहना था कि भारत में कई लोगों ने शासन किया है लेकिन मुगलों को विदेशी बताना किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है.

# 14 दिन तक बढ़ी राज कुंद्रा की न्यायिक हिरासत, शिल्पा ने कहा परिवार का नाम खराब हो गया

मुंबई। अश्लील फिल्मों के निर्माण मामले में अब राज कुंद्रा की परेशानी और बढ़ गई है. इस मामले में अब मुंबई की एक अदालत ने मंगलवार को १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है . अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस की



अपराध शाखा ने १६ जुलाई को गिरफ्तार किया था. कुंद्रा की पुलिस रिमांड समाप्त होने पर उन्हें मंगलवार को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत के सामने पेश किया गया. अदालत ने उन्हें १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. कुंद्रा ने जमानत के लिए अदालत में याचिका दायर की है. कोर्ट में पुलिस ने बताया कि कुंद्रा किसी व्यक्ति को १२ लाख अमेरिकी डॉलर में ११६ वयस्क फिल्में बेचने की योजना बना रहे थे. पुलिस का दावा है कि मामले की जांच के दौरान यह पाया गया कि कुंद्रा ने आर्म्सप्राइम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की थी. जिसने लंदन स्थित केनरिन प्राइवेट लिमिटेड के जरिये 'हॉटशट्स' ऐप खरीदा जिससे सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डाले जाते थे.मुंबई पुलिस अभी दो दिनों पहले ही राज कुंद्रा को लेकर उनके घर पहुंची थी. बताया जा रहा है कि इस दौरान शिल्पा शेट्टी पति राज को देखते ही गुस्से में चीख पड़ी. उन्होंने कहा कि पूरे परिवार की इज्जत बर्बाद गई. उन्होंने कहा कि परिवार की काफी बदनामी हो रही है. हालांकि इस दौरान राज की ओर से कोई भी रिएक्शन नहीं आया था. बताया जा रहा है कि पुलिस की छानबीन के दौरान पुलिस ने शिल्पा से ६ घंटों तक लंबी पूछताछ की थी.मुंबई पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि आने वाले शिल्पा पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी. उन्होंने नाम ना बताने की शर्त पर कहा कि अब तक ऐसे कोई सबूत नहीं मिले हैं जिससे इस बात का सबूत मिले कि शिल्पा की इसमें कोई सहभागिता है. उन्होंने कहा कि शिल्पा ने इस बात को लेकर अपनी ओर से साफ कहा है कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं थी।

# दिलीप कुमार की नातिन सायशा के घर आई खुशियां, परी सी बेटी का हुआ जन्म

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार भले ही अब हमारे बीच नहीं रहे हो, लेकिन उनकी अदाकारी और यादें हमेशा हमारे दिलों में बसी रहेंगी। दिलीप साहब अपने पीछे एक भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं। अब



दिलीप साहब और सायरा बानो की नातिन सायशा सहगल के घर खुशियां आई है। उनकी नातिन सायशा ने बेटी को जन्म दिया है। सायशा के घर बेटी के जन्म की खुशखबरी सायशा के एक रिश्तेदार विशाल ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए पोस्ट किया है कि, मैं इस खबर को ब्रेक करते हुए बहुत ज्यादा खुश हूं। अंकल बनकर बहुत अच्छा लग रहा है, मेरे भाई जैमी (आर्या) और सायशा के घर बेटी का जन्म हुआ है। शूट के बीच इस खुशखबरी को पाकर अपनी भावनाओं को कंट्रोल नहीं कर पा रहा हूं। इन दोनों को ढेर सारी बधाईयां। बेबी गर्ल पर भगवान की कृपा बनी रहे। आपको बता दें कि, दिलीप साहब की नातिन सायशा ने २०१६ में साउथ इंडियन एक्टर आर्या से शादी की थी। सायशा भी बॉलीवुड एक्टर है। उन्होंने ने अजय देवगन की फिल्म 'शिवाय' से बलीवुड में कदम रखा था। सायशा ने भी दिलीप कुमार साहब के गुजर जाने के बाद दुख प्रकट करते हुए उनके साथ अपने बचपन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। जिसमें वे काफी छोटी थी

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक